आधुनिकरेलडिब्बाकारखाना, रायबरेली

प्रेसविज्ञप्ति

दिनांक 04.03.2020

आरेडिका में राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 4 मार्च से 10 मार्च 2020 तक राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का शुभारंभ आरेडिका प्रशासनिक भवन के मुख्य सभागार मे महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव के द्वारा संरक्षा शपथ के साथ किया गया।

इस अवसर पर प्रशासनिक भवन के मुख्य सभागार में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जहाँ महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव के द्वारा आरेडिका के द्वितीय संरक्षा बुलेटिन का विमोचन किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यस्थल पर संरक्षा एवं कर्मचारियों की संरक्षा सर्वोपरि है और हमेशा सर्तक कर्मचारी ही दुर्घटना मुक्त वातावरण बनाता है। उन्होंने पर्यवेक्षकों का आवह्मन किया कि वे कार्यस्थल पर संरक्षा का विशेष ध्यान रखें और संरक्षा मुक्त कार्यशैली को अपनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाऐ, ना सिर्फ वित्तिय नुकसान पहुँचाती है, बल्कि इससे प्रभावित होने वाले कर्मचारियों को कई बार स्थाई रुप से अपंग कर देती है, जो कि बहुत ही दुखद होता है । अतः कार्यस्थल पर संरक्षा का विशेष ध्यान रखना अनिवार्य है।

राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के दौरान कारखाना के विभिन्न कायशालाओं में कर्मचारियों के बीच संरक्षा संबधी प्रतियोगिता, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण की उपयोगिता तथा अग्निशमन प्रणाली के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस संरक्षा सप्ताह के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री अनूप कुमार, सीएओ श्री आलोक कुमार, पीएफए श्री आर.के. मनोचा, पीसीएमएम श्री पी.एन. पाण्डेय, पीसीई श्री आर. बी. यादव, सीपीई श्री अनिल कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अमित 04.03.2020.

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी